भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6275

02 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

सेंट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत प्रत्यारोपित वृक्ष

6275. श्रीमती महुआ मोइत्राः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सेंट्रल विस्टा परियोजना के लिए लगाए गए वृक्षों का ब्यौरा क्या है और कुल कितने वृक्षों का प्रत्यारोपण किया गया है;
(ख) इन प्रत्यारोपित वृक्षों का वर्तमान स्थान क्या है;
(ग) प्रत्यारोपण के बाद नष्ट हो चुके प्रत्यारोपित वृक्षों की संख्या कितनी है;
(घ) क्या कोई प्रतिपूरक वृक्षारोपण किया गया है और यदि हां, तो ऐसे लगाए गए वृक्षों की संख्या कितनी है और इन्हें कहां-कहां लगाया गया है; और
(ङ) सेंट्रल विस्टा परियोजना के शुरू होने से अब तक उक्त प्रत्यारोपण और प्रतिपूरक वृक्षारोपण पर खर्च की गई राशि (रुपये में) का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) कुल 3609 वृक्षों का प्रत्यारोपण किया गया है। प्रत्यारोपित वृक्षों के स्थान का विवरण इस प्रकार है-

प्रत्यारोपित पेड़ों का स्रोत स्थान	**वर्तमान स्थान**	**संख्या**
सेंट्रल विस्टा एवेन्यू कर्तव्य पथ	एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर और सीवीए	32
नया संसद भवन	एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर और संसद भवन परिसर	402
जीपीओए 2	यमुना नदी का किनारा	38
सीसीएस 1,2,3	एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर	1734
वी.पी. एन्क्लेव	एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर और वीपी एन्क्लेव	390
एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव प्लॉट ए और बी	घिटोरनी	143
एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव प्लॉट नंबर 36 और 38	घाटा मस्जिद, प्लॉट नंबर 30-बी कृष्णा मेनन मार्ग	342
सीसीएस 13	एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर	70
सीसीएस 6 और 7	एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर	458
कुल संख्या		3609

(ग) प्रत्यारोपण के बाद नष्ट हुए प्रत्यारोपित वृक्षों की संख्या- 1545

(घ) प्रतिपूरक वृक्षारोपण-

प्रतिपूरक वृक्षारोपण के तहत 24450 वृक्ष एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर में और 1730 वृक्ष घिटोरनी में रोपित किए गए हैं।

(ङ) ऐसे प्रत्यारोपण और प्रतिपूरक वृक्षारोपण पर खर्च की गई राशि (रुपये में) का ब्यौरा -

2023-24 - 35.86 लाख

2024-25 - 122.92 लाख

2025-26 - 370.30 लाख

*****